ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# तताँरा वामीरो कथा

## कक्षा - दसवीं

**विषय – हिंदी**
**पाठ : ६**
**पाठ का नाम : तताँरा वामीरो कथा**
**PPT-5**



Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

प्रश्न 2. बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी।
उत्तर- तताँरा वामीरो को पहली ही नज़र में बेहद प्रेम करने लगा था। वह उसकी प्रतीक्षा में अपने जीवन की संपूर्ण आस लगाए बैठा था। उसने उसे पुनः साँझ को समुद्री चट्टान पर आने के लिए कहा था। अतः वह छटपटाते हुए अधीरता से उसकी प्रतीक्षा कर रहा था। उसके मन में एक आशंका यह भी थी कि कहीं वामीरो न आए। इस आशंका से उसका मन काँप उठता था, परंतु साथ ही एक आशा की किरण भी थी।उसे लगता है कि आशा की यह किरण वामीरो के न आने पर समुद्र में डूबते सूर्य की किरणों के समान कहीं डूब न जाए। तताँरा इस उधेड़बुन में बैठा हुआ था और आशा-निराशा के बीच झूलते हुए अपने प्रेम के सफल होने की कामना कर रहा था।

## भाषा अध्ययन

**1.निम्नलिखित वाक्यों के सामने दिए कोष्ठक में (✓) का चिह्न लगाकर बताएँ कि वह वाक्य किस प्रकार का है –**

(क) निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

उत्तर= विधानवाचक

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

(ख) तुमने एकाएक इतना मधुर गाना अधूरा क्यों छोड़ दिया? (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

उत्तर= प्रश्नवाचक

(ग) वामीरो की माँ क्रोध में उफन उठी। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

उत्तर= विधानवाचक

(घ) क्या तुम्हें गाँव का नियम नहीं मालूम? (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

उत्तर= प्रश्नवाचक

(ङ) वाह! कितना सुदंर नाम है। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

उत्तर= विस्मयादिबोधक

(च) मैं तुम्हारा रास्ता छोड़ दूँगा। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

उत्तर= विधानवाचक

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**2.निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए –**

(क) सुध-बुध खोना –

अचानक बहुत से मेहमानों को देखकर गीता ने अपनी सुधबुध खो दी।

(ख) बाट जोहना –

शाम होते ही माँ सबकी बाट जोहने लगती।

(ग) खुशी का ठिकाना न रहना –

आई. ए. एस. की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर मोहन का खुशी का ठिकाना न रहा।

(घ) आग बबूला होना –

शैतान बच्चों को देखकर अध्यापक आग बबूला हो गए।

(ङ) आवाज़ उठाना –

प्रगतीशील लोगों ने रूढ़ियों के खिलाफ आवाज़ उठाई।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**3.नीचे दिए गए शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए –**

**उत्तर=**

| **शब्द** | **मूल शब्द** | **प्रत्यय** |
|---|---|---|
| चर्चित | चर्चा | इत |
| साहसिक | साहस | इक |
| छटपटाहट | छटपट | आहट |
| शब्दहीन | शब्द | हीन |

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

4. नीचे दिए गए शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए –

**उत्तर=**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अन | + | आकर्षक | = | अनाकर्षक |
| अ | + | ज्ञात | = | अज्ञात |
| सु | + | कोमल | = | सुकोमल |
| बे | + | होश | = | बेहोश |
| दुर् | + | घटना | = | दुर्घटना |

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**5. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए –**

(क) जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ। (मिश्रवाक्य)

(**उत्तर**) जीवन में यह पहला अवसर है जब में विचलित हूँ।

(ख) फिर तेज़ कदमों से चलती हुई तताँरा के सामने आकर ठिठक गई। (संयुक्त वाक्य)

(**उत्तर**) फिर तेज़ कदमों से चलती हुई आई और तताँरा के सामने आकर ठिठक गई।

(ग) वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ़ दौड़ी। (सरल वाक्य)

(**उत्तर**) वामीरो कुछ सचेत होकर घर की तरफ़ दौड़ी।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

(घ) तताँरा को देखकर वह फूटकर रोने लगी। (संयुक्त वाक्य)

(**उत्तर**) उसने तताँरा को देखा और वह फूटकर रोने लगी।

(ङ) रीति के अनुसार दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था। (मिश्रवाक्य)

(**उत्तर**) ऐसी रीति थी कि दोनों एक ही गाँव के हो।

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**6.नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –**

| | | |
|---|---|---|
| **उत्तर** | भय | अभय |
| | मधुर | कर्कश |
| | सभ्य | असभ्य |
| | मूक | वाचाल |
| | तरल | ठोस |
| | उपस्थिति | अनुपस्थिति |
| | दुखद | सुखद |

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**7.नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर** | समुद्र | – | सागर, जलधि |
| | आँख | – | नेत्र, चक्षु |
| | दिन | – | दिवस, वासर |
| | अँधेरा | – | तम, अंधकार |
| | मुक्त | – | आज़ाद, स्वतंत्र |

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP
*Changing your Tomorrow*